133

मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 1995 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 2 मार्च, 1995 (फाल्गुन 11, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, ग्वालियर जिले मे आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में गंभीर अनियमितताएं होने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बच्चन नायक, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, जबलपुर के सुन्दरपुर जंगल में खुदाई के दौरान सोना पाये जाने की ओर खनिज साधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) सर्वश्री ओमप्रकाश खटीक, निर्भय सिंह पटेल, ईश्वरदास रोहाणी, सदस्य, प्रदेश के कृषकों को महुआ फसल का उचित मूल्य न मिल पाने की ओर राज्यमंत्री वाणिज्यिक कर का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री अखंड प्रताप सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के नन्दनवारा तालाब के आसपास खुदाई एवं ब्लास्टिंग से हो रही क्षति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्रीमती सुधा जैन, सदस्य सागर में आबकारी ठेके की नीलामी में अनियमितता होने की ओर राज्यमंत्री वाणिज्यिक कर का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) सर्वश्री मोती कश्यप, ओंकार प्रसाद तिवारी, सदस्य, जबलपुर में मदन महल चौक पर ट्रक की टक्कर से एक बालक की मौत से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) सर्वश्री सोनेराम कुशवाह, बाबूलाल गौर, सदस्य, मुरैना जिले के अशासकीय स्कूलों को अवैध रूप से शासनाधीन किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री कैलाश चावला, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम भानपुर के कृषकों को अनुदान राशि वितरण में अनियमितता होने की ओर उप मुख्यमंत्री (राजस्व) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री कंकर मुंजारे, डॉ. गौरीशंकर शेजवार, सदस्य, जबलपुर के कुण्डला थानान्तर्गत एक पुजारी के परिवार के साथ मारपीट किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य, रायपुर के ग्राम हांटा के सरपंच की हत्या किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सभापति, पटल पर रखे गये पत्रों के परीक्षण करने संबंधी समिति का तृतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. वर्ष 1995-96 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 1 मार्च, 1995